तेरा पावन नाम कितना महान

शिरडीवाले साई बाबा,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान,
पल में राह दिखाते हो,
पल में राह दिखाते हो,
मेरे साई मेरे बाबा,
मेरे साई मेरे बाबा,
तेरा प्यारा धाम, सबकी है जान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान।

तू है दयालु तू है दाता,
भक्तो का तू भाग्यविधाता,
तू है दयालु तू है दाता,
भक्तो का तू भाग्यविधाता,
पूरे हो गये सबके काम,
लौटा एक नही नाकाम,
मैं भी आया मैं भी आया,
मैं भी आया तेरे द्वारे,
मेरे जीवन को दे खुशियों का दान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान।

गुण अवगुण तू कुछ ना देखे,
जैसा जो है कुछ ना पूछे,
गुण अवगुण तू कुछ ना देखे,
जैसा जो है कुछ ना पूछे,
जो भी आया तेरे पास,
बन जाता है तेरा दास,
सबसे न्यारा, दर ये तुम्हारा,
सबसे न्यारा, दर ये तुम्हारा,
जाने हर इंसान, सबको है ज्ञान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान।

अब तो यही है मेरी आशा,
मेरे मन में तू रम जाये,
अब तो यही है मेरी आशा,
मेरे मन में तू रम जाये,
पतझड़ आये या सावन,

तुझसे जुड़ा रहे ये मन,
ढूँढे से भी मिल ना पाये,
ढूँढे से भी मिल ना पाये,
तेरे जैसा कोई तेरे समान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान,
पल में राह दिखाते हो,
पल में राह दिखाते हो,
मेरे साई मेरे बाबा,
मेरे साई मेरे बाबा,
तेरा प्यारा धाम, सबकी है जान,
शिरडीवाले साई बाबा,
तेरा पावन नाम कितना महान।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25375/title/tera-paavan-naam-kitna-mahan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |